हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 29 सितंबर 2026

06 पुलिस ने 24 चोरी की मोटरसाइकिलें की बरामद, वाहन चोर...



07 जिला अस्पताल में 11 नए डॉक्टरों ने सेवाएं प्रारंभ कीं, डॉक्टरों ...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

जेयूएमपी ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर बंटी राजपूत का स्वागत



आरोन। जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश (JUMP) के आरोन ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर पत्रकार उदयभान सिंह गौर 'बंटी राजपूत' का विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन के कार्यालय पर फूलमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं शॉल उड़ाकर स्वागत-सम्मान किया गया।स्वागत सम्मान के दौरान बंटी राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए पत्रकारों एवं संगठन के हित में सक्रियता से कार्य करने की बात कही।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, वरिष्ठ पार्षद मूलचंद भोहरे, राजाराम रघुवंशी, सोनू ग्वाल, अनिल वंशकार, घनश्याम शर्मा, नीलू जैन सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

आरोन ब्लॉक कांग्रेस की मासिक बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन



आरोन। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक रविवार दोपहर 2 बजे आयोजित हुई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और आगामी पार्टी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए पार्वती अहिरवार ने बताया कि उन्होंने हाल ही में भोपाल पहुंचकर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तथा क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह से मुलाकात कर संगठन को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कांग्रेसजनों को मिलकर सक्रियता से कार्य करना होगा। बैठक में ग्रामीण एवं शहरी पोलिंग बूथों को मजबूत बनाने, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने तथा बूथ एवं मंडल स्तर पर जिम्मेदारियां तय करने को लेकर सुझाव लिए गए। कार्यकर्ताओं ने आपसी समन्वय के साथ संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान आगामी 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती मनाने को लेकर भी तैयारियों और आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा हुई। बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रघुवंशी समाज की प्रदेश टीम में ओमवीर को प्रवक्ता की सौंपी जिम्मेदारी

आरोन। अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय संगठन ने संगठनात्मक विस्तार के तहत प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। प्रदेश अध्यक्ष प्रह्लाद सिंह रघुवंशी की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर रघुवंशी के अनुमोदन के बाद ओमवीर सिंह रघुवंशी (शिक्षक, आरोन) को प्रदेश प्रवक्ता तथा देवेंद्र रघुवंशी (पत्रकार, गंजबासौदा) को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारी महासचिव राकेश सिंह रघुवंशी ने नियुक्ति की घोषणा की। प्रदेश प्रवक्ता के रूप में ओमवीर सिंह संगठन का पक्ष रखने एवं विभिन्न विषयों पर संवाद स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाएंगे, जबकि देवेंद्र रघुवंशी संगठन की गतिविधियों और कार्यक्रमों को मीडिया एवं संचार माध्यमों के जरिए समाज तक पहुंचाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष प्रह्लाद सिंह रघुवंशी ने कहा कि संगठन समाज को संगठित करने, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और समाजहित से जुड़े विषयों पर लगातार कार्य कर रहा है। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने शुभकामनाएं दी।



निजी अस्पतालों के संचालक व चिकित्सक पहुंचे सिटी कोतवाली

डॉक्टर लामबंद: एफआईआर नहीं हुई तो हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के ओवरब्रिज के पास ए.बी. रोड स्थित श्री बालाजी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद परिजनों द्वारा की गई तोडफ़ोड़, मारपीट और उपद्रव के विरोध में दूसरे दिन सोमवार को शहर भर के निजी अस्पतालों के संचालक और डॉक्टर लामबंद हो गए। आक्रोशित डॉक्टरों एवं अस्पताल संचालकों ने एक जुट होकर सिटी कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई व डॉक्टर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की। डॉक्टरों ने एक स्वर में चेतावनी दी है कि यदि पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो 29 सितंबर से जिले के सभी निजी स्वास्थ्य संस्थान पूरी तरह बंद कर दिए जाएंगे।



मृत अवस्था में अस्पताल लाए थे परिजन

अस्पताल प्रबंधन डॉ. मनोज कुमार एवं संचालक डॉ. आरबी धाकड़ के अनुसार रविवार 27 सितंबर को प्रातः 09:30 बजे भदौर निवासी 26 वर्षीय राजकुमारी ओझा पति महेश ओझा को परिजन मृत अवस्था में अस्पताल लेकर आए थे। चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के उपरांत जब महिला को मृत घोषित कर परिजनों को शव शासकीय अस्पताल अथवा घर ले जाने की सलाह दी गई, तो परिजन उग्र हो गए। परिजनों ने डॉक्टरों पर जबरन इलाज शुरू करने का दबाव बनाते हुए मृत शरीर को आपातकालीन विभाग के बेड पर रख दिया और अस्पताल परिसर में उपद्रव शुरू कर दिया।

12 से 15 लाख रुपये का नुकसान, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

परिजनों ने आक्रोश में आकर आईसीयू में लगे वेंटिलेटर, ईसीजी मॉनिटर, कंप्यूटर, कूलर, टेबल-बेंच और कांच आदि उपकरणों में जमकर तोडफ़ोड़ की। इस दौरान डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के साथ मारपीट की गई तथा अभद्र भाषा में गाली-गलौज की गई। परिजनों ने बाहर सडक़ पर जाम लगाकर आवागमन भी बाधित किया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस उपद्रव से अस्पताल को लगभग 12 से 15 लाख रुपये से अधिक का वित्तीय नुकसान हुआ है। पूरी वारदात अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

पूर्व में आयुष्मान योजना के तहत हुई थी डिस्चार्ज

अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि मृतका पूर्व में 18 सितंबर 26 को बुखार और खून की कमी के इलाज हेतु आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भर्ती हुई थी, जिन्हें स्वस्थ होने पर 21 सितंबर को डिस्चार्ज कर दिया गया था। घटना के दूसरे दिन निजी चिकित्सा संघ ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज और क्षतिग्रस्त उपकरणों की सूची के आधार पर उपद्रवियों पर डॉक्टर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर क्षतिपूर्ति कराई जाए, ताकि भविष्य में डॉक्टरों व अस्पतालों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

सघन कॉम्बिंग गश्त: 43 स्थाई सहित 82 वारंटी गिरफ्तार बदमाशों में मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु लगातार प्रभावी और सख्त कार्रवाइयां की जा रही हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में बीती रात जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ और एक समय व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत से पूर्व सभी अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने पुलिस टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर अपने-अपने क्षेत्रों में रवाना किया। सघन गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने गुंडा-बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों, जिलाबदर अपराधियों, इनामी बदमाशों तथा विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गहन चेकिंग और धरपकड़ की। इस दौरान विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी वारंटों में वांछित कुल 82 वारंटियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली, जिनमें 43 स्थाई वारंटी और 39 वारंटी शामिल हैं।

थानावार आंकड़ों की बात करें तो कोतवाली पुलिस ने 3 स्थाई व 4 , कैंट पुलिस ने 12 स्थाई व 7 , बजरंगगढ़ ने 1 स्थाई व 7 , म्याना ने 3 स्थाई व 01 , बमौरी ने 2 स्थाई व 1 , फतेहगढ़ ने 5 स्थाई व 1 , सिरसी ने 3 , राघौगढ़ ने 3 स्थाई व 4 , आरोन ने 2 स्थाई व 1 , विजयपुर ने 2 स्थाई व 3 , धरनावदा ने 2 , चांचौड़ा ने 3 स्थाई, कुंभराज ने 3 स्थाई वारंटियों को दबोचा।

नपा गेट पर प्रदर्शन के बाद कलेक्टोरेट तक निकाली रैली

लामबंद हुए कंट्रोल संचालक कमीशन बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के उचित मूल्य की राशन दुकानों के विक्रेताओं और सेल्समैनों का आक्रोश अब सडक़ों पर आ गया है। उचित मूल्य दुकानदार कल्याण संघ समिति जिला गुना के आह्वान पर सोमवार को जिले भर के कंट्रोल संचालकों ने एकजुट होकर अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। संघ के जिलाध्यक्ष संजय दुबे और प्रदेश महा सचिव रशीद खान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एकत्रित हुए राशन दुकान संचालकों, विक्रेताओं एवं तुलवाटियों ने पहले नगरपालिका गेट के सामने लामबंद होकर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। इसके उपरांत सभी विक्रेता एक विशाल रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं मुख्य सचिव के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश की लगभग 28 हजार शासकीय उचित मूल्य दुकानें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत निष्ठापूर्वक गरीबों तक खाद्यान्न पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। कोरोना महामारी से लेकर हर विषम परिस्थिति में विक्रेताओं ने सेवाएं दी हैं, किंतु बढ़ती महंगाई और अत्यंत कम कमीशन के कारण विक्रेताओं के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से अन्य राज्यों का हवाला देते हुए बताया गया कि बिहार में 258 रुपये, केरल में 270 रुपये, हरियाणा व दिल्ली में 200 रुपये, राजस्थान में 150 रुपये तथा उत्तर प्रदेश में 125 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन दिया जा रहा है, जबकि मध्यप्रदेश में देश में सबसे कम कमीशन मिल रहा है। इसके अलावा पॉस मशीन से वितरण पर केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली 21 रुपये प्रति क्विंटल की अतिरिक्त राशि भी विक्रेताओं को समय पर नहीं मिल पा रही है। जिलाध्यक्ष संजय दुबे ने स्पष्ट किया कि स्व-सहायता समूह, सेवा सहकारी समितियां, उपभोक्ता भंडार, बहुउद्देशीय संस्थाएं एवं वनोपज समितियों से जुड़े सभी राशन विक्रेता संघ एक मंच पर आ गए हैं। यदि शासन द्वारा 30 सितंबर तक उनकी 5 सूत्रीय वाजिब मांगों का न्यायसंगत समय-सीमा में निराकरण की मांग की है।



साइबर ठगों ने गुना में ढाया कहर

क्रेडिट कार्ड और ऑनलाइन झांसे देकर 5 लोगों से 12.54 लाख रुपए से अधिक ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में साइबर अपराधियों का जाल लगातार गहराता जा रहा है। कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी और क्रेडिट कार्ड ठगी के चार एवं म्याना थाने का एक मामला सामने आया है। जिनमें अज्ञात ठगों ने झांसा देकर कुल 12.54 लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर कैंट थाना पुलिस ने मामले दर्ज कर साइबर सेल की मदद से पड़ताल शुरू कर दी है।

अवदेख रघुवंशी से 38,100 रुपये की ठगी

पहले मामले में फरियादी अवदेख रघुवंशी पिता लखन सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपनी पहचान छिपाकर और खुद को दूसरा व्यक्ति बताकर छलपूर्वक उनसे 38,100 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की है। दूसरे मामले में बीलाबावड़ी निवासी विनोद जाट पिता वीरपाल सिंह जाट ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि शातिर ठगों ने फर्जी पहचान और जाली इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों को असली बताकर उन्हें भ्रमित किया और छलपूर्वक 1,95,887 रुपये ऐंठ लिए।

दीपक रजक के क्रेडिट कार्ड से कटे 49 हजार: तीसरे मामले में पुरानी छावनी निवासी दीपक रजक (28) पिता मांगीलाल रजक के क्रेडिट कार्ड से ऑटोमैटिक ट्रांजैक्शन के जरिए 49,000 रुपये कट गए। फरियादी को जब मोबाइल पर मैसेज मिला तब जाकर ठगी का अहसास हुआ।

अज्ञात ठग ने हड़पे 2.88 लाख रुपये

चौथे मामले में एक अन्य पीड़ित के साथ अज्ञात साइबर ठग द्वारा ऑनलाइन जालसाजी करते हुए 2,88,950 रुपये की बड़ी रकम हड़पने का मामला सामने आया है। कैंट थाना पुलिस ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा संबंधित बैंक खातों और ट्रांजैक्शन डिटेल्स के आधार पर ठगों की सुरागकशी की जा रही है। वहीं, पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात फोन कॉल, ओटीपी अथवा संदिग्ध लिंक पर भरोसा न करें और किसी के साथ अपनी निजी व बैंकिंग जानकारी साझा न करें।

इंदौर अस्पताल का नंबर सर्च करते ही जाल में फंसा शिक्षक, खाते से उड़ाए 6.82 लाख रुपये

वहीं म्याना निवासी शिक्षक महेंद्र सिंह रघुवंशी साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। पीड़ित के एसबीआई खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने बिना किसी अनुमति के 6.82 लाख रुपये पार कर दिए। साइबर क्राइम सेल की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। फरियादी शिक्षक ने इंटरनेट पर इंदौर के बॉम्बे अस्पताल का संपर्क नंबर खोजा था। इसके बाद उनके व्हाट्सएप पर अपॉइंटमेंट बुकिंग के नाम से एक संदिग्ध एपीके लिंक प्राप्त हुई।

नपा ने 15 किलो 800 ग्राम अमानक पॉलिथीन जब्त कर 3000 का जुर्माना लगाया

गुना। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता के निर्देश एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शैलेश अवस्थी के आदेश अनुसार विवेक श्रीवास्तव स्वच्छता निरीक्षक तथा उनकी टीम के द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा हेतु छापामार कार्यवाही के क्रम में पुरानी छावनी, बूढ़े बालाजी तथा सकतपुर रोड क्षेत्र गुना में दुकानों का निरीक्षण करने पर हरिओम किराना स्टोर एवं अन्य दुकानों से चालानी कार्यवाही करते हुए 15 किलो 800 ग्राम प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन जप्त की गई जिसका बाजार मूल्य लगभग 3500/- है तथा उक्त दुकानदारो द्वारा प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन का उपयोग करने के लिए 3000/- का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। साथ ही स्वच्छता निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा हरिओम किराना स्टोर के भंडारण का भी निरीक्षण करते हुए कड़ी चेतावनी दी गई है कि यदि आपके द्वारा अमानक प्रतिबंधित पॉलीथिन का विक्रय कर पुनरावृत्ति की जाती है तो 5000 का अर्थ दंड अधिरोपित किया जायेगा। नगर पालिका द्वारा शहर के सभी दुकानदारों से अपील की जाती है कि अमानक प्रतिबंधित पॉलीथिन के स्थान पर बायोडिग्रेडेबल (मक्के से बनी हुई थैली) एवं अन्य विकल्पों का उपयोग करें जिससे कि नगर में स्वच्छता, पर्यावरण एवं मवेशियों के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशानुसार एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गुना द्वारा विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 01 से 06 तक सफाई कर्मियों का विशेष दल बनाकर वृहद स्वच्छता कार्य प्रारंभ किया गया है। अभियान के अंतर्गत नानाखेड़ी स्थित मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने वाराणसी से आए तीर्थयात्रियों के साथ नगर के सफाई मित्रों का भव्य सम्मान किया। सम्मान समारोह के उपरांत सभी जन प्रतिनिधियों ने वार्ड क्रमांक 01 नानाखेड़ी में स्वयं झाड़ू उठाकर स्वच्छता श्रमदान किया। इसके बाद नगर पालिका की टीमों द्वारा वार्डों में सफाई कराई गई। अभियान के दौरान अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के साथ ही गंदगी फैलाने वालों पर मौके पर ही जुर्माना लगाया गया। ठेले वालों और व्यापारियों से प्रतिबंधित अमानक पॉलीथिन जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद राधा कुशवाहा, बबिता राजेश साहू, रश्मि शर्मा, अनीता महेंद्र कुशवाहा एवं ओम प्रकाश कुशवाहा मौजूद रहे।

अंबेडकर चौराहे से कलेक्ट्रेट तक निकाली आक्रोश रैली, राष्ट्रपति के नाम सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन

आरक्षण की मांगों को लेकर एससी-एसटी-ओबीसी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सामाजिक न्याय, आरक्षण के अधिकारों की रक्षा एवं जातिगत जनगणना की मांग को लेकर आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा (एससी/एसटी/ओबीसी) के तत्वावधान में सोमवार को शहर में विशाल जनाक्रोश रैली निकाली गई। अंबेडकर चौराहे से शुरू हुई रैली प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। यहां प्रदर्शनकारियों ने आरक्षण के समर्थन में नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

रैली का नेतृत्व ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष गजानंद कुशवाह, भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिलाध्यक्ष अरुण खरे एवं आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि पांड्या सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने किया। बड़ी संख्या में शामिल कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर शासन-प्रशासन के समक्ष आवाज उठाई।



27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने की मांग

ज्ञापन में मोर्चा ने ओबीसी पर लगे 13 प्रतिशत होल्ड को हटाकर 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग की। साथ ही आगामी जनगणना में पृथक कॉलम शामिल कर पारदर्शी जातिगत जनगणना कराने तथा एससी-एसटी आरक्षण का कोटा बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने की मांग रखी गई।

सरकारी दस्तावेजों में जातिसूचक शब्द हटाने की मांग

मोर्चा ने सरकारी दस्तावेजों में अहिरवार एवं जाटव समाज के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले 'जातिसूचक' शब्द पर आपत्ति जताते हुए इसकी जांच कर इसे हटाने की मांग की।

इसके अलावा यूजीसी बिल को यथावत लागू करने और ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लाभ सभी समाजों के गरीब वर्गों को समान रूप से देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि मांगों पर शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं होने पर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी तैनात रहा।

समाचार संक्षेप

नवनियुक्त अध्यक्ष ने शपथ लेकर समाजहित में जिम्मेदारी से काम करने का लिया संकल्प



आरोन। सर्व अहिरवार समाज आरोन की सहमति एवं सर्वसम्मति से श्री चंद्रभान अहिरवार, ढीमरयाई को अहिरवार समाज धर्मशाला आरोन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, समाजसेवी एवं युवा साथी उपस्थित रहे। भारतीय संविधान एवं भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष ने शपथ लेकर समाजहित में निष्ठा एवं जिम्मेदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। समाजजनों ने उनका स्वागत एवं सम्मान कर सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर धर्मशाला को समाज की एकता, सम्मान एवं सामाजिक उत्थान का केंद्र बनाने की उम्मीद जताई गई।

गणेश स्थापना के उपलक्ष्य में इंटरनेशनल कॉन्वेंट हाई स्कूल में हुआ भंडारे का आयोजन



बीनागंज। इंटरनेशनल कॉन्वेंट हाई स्कूल बीनागंज में गणेश स्थापना के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इस वर्ष भी विद्यालय परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को विद्यार्थियों से जोड़ने का प्रयास किया गया। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में भी उत्साह देखने को मिला।विद्यालय के प्राचार्य मनोज शिवहरे ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों को जानने और समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में संस्कार और अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना भी आवश्यक है।

एमपीपीएससी सहायक प्राध्यापक परीक्षा में कृष्णगोविंद मीना ने हासिल की 9वीं रैंक



चांचौड़ा। ग्राम पेंची निवासी कृष्णगोविंद मीना, पिता रघुराज सिंह मीना ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2024 में समाजशास्त्र विषय में 9वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। कृष्णगोविंद ने लंबे समय तक निरंतर मेहनत और संघर्ष के बाद यह सफलता हासिल की। उन्होंने विभिन्न सिविल सेवा प्रतियोगी परीक्षाओं में कई बार मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार तक का सफर तय किया। शुरुआती प्रयासों में सफलता नहीं मिलने के बावजूद उन्होंने असफलताओं से सीख लेकर अपनी तैयारी जारी रखी और अंततः सहायक प्राध्यापक परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार, गुरुजनों एवं मित्रों के सहयोग के साथ ईश्वर के आशीर्वाद को दिया। उनका कहना है कि असफलताओं से निराश होने के बजाय उनसे सीख लेकर निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। सहायक प्राध्यापक के रूप में कृष्णगोविंद विद्यार्थियों को तार्किक सोच और समाज को समझने की दृष्टि विकसित करने का प्रयास करेंगे।

चाचौड़ा, गुना, राजगढ़ और राजस्थान से चोरी की वारदातों का खुलासा

पुलिस ने 24 चोरी की मोटरसाइकिलें की बरामद, वाहन चोर गिरोह पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



वाहन चोरी की लगातार बढ़ती वारदातों के बीच चाचौड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 24 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहनों की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से चाचौड़ा-बीनागंज सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई कई वाहन चोरी की वारदातों के खुलासे की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को गश्त के दौरान कुछ युवकों के संदिग्ध रूप से वाहन के साथ खड़े होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने रेलवे क्रॉसिंग के पास घेराबंदी कर संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चाचौड़ा, गुना, राजगढ़ सहित राजस्थान क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की।

मेसपुरा के जंगल में छिपाकर रखते थे वाहन

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों को मेसपुरा के जंगल में छिपाकर रखते थे। इसके बाद दलालों के माध्यम से चोरी के वाहनों को बेच दिया करते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जंगल से 24 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस अब बरामद वाहनों के संबंध में जानकारी जुटा रही है कि वे किन-किन स्थानों से चोरी किए गए थे।

अन्य वारदातों का भी हो सकता है खुलासा

पुलिस द्वारा आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में वाहन चोरी की अन्य वारदातों और गिरोह से जुड़े लोगों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आने की संभावना है। पुलिस चोरी के वाहनों को खरीदने और बेचने वाले नेटवर्क की भी जांच कर रही है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देशन एवं एसडीओपी मनोज झा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चाचौड़ा दिलीप राजोरिया के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में चौकी प्रभारी नीरज राणा सहित पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा। पुलिस मामले में विस्तृत जानकारी जल्द प्रेस के माध्यम से साझा करेगी।

नेत्र शिविर में जांची 340 लोगों की आंखें, 40 ऑपरेशन के लिए चिन्हित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के सहयोग एवं भारत विकास परिषद के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री वल्लभ कासट की स्मृति में कासट परिवार द्वारा कल्पतरू रेजीडेंसी में निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 340 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 40 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया, जबकि 120 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। लायंस नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टरों ने आधुनिक मशीनों से नेत्र परीक्षण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी ब्रजमोहन कासट, पं. दुर्गाप्रसाद शर्मा, रामकरण काकानी, प्रकाशचंद जैन, राधेश्याम मीणा एवं श्यामबिहारी कासट ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान चिकित्सकों एवं जैन समाज अध्यक्ष विवेक जैन का सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के समापन पर महेश विद्या मंदिर की छात्राओं ने सुमधुर वंदेमातरम की प्रस्तुति दी। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर निशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया।

छात्रों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक, पढ़ाई पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बीनागंज एवं कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया ने विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने अपने स्कूली दिनों की यादें साझा करते हुए बताया कि उन्होंने भी इसी विद्यालय में पढ़ाई की है और उनके पिता यहां प्राचार्य रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि उसी स्कूल में वर्दी पहनकर विद्यार्थियों के बीच आना उनके लिए गर्व और सौभाग्य का क्षण है। टीआई राजोरिया ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन के साथ पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी परेशानी की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करें और अपनी समस्या बेझिझक साझा करें। उन्होंने साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और मोबाइल के सही उपयोग की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इसके दुरुपयोग से बचने की सलाह दी। बीनागंज चौकी प्रभारी नीरज लोधी ने भी साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए।

सेवा संकल्प यात्रा का राघौगढ़ मंडल में स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

सेवा, समर्पण एवं जनसेवा के संकल्प को लेकर बनारस से बड़नगर तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा का राघौगढ़ मंडल में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

यात्रा के राघौगढ़ पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा जिला महामंत्री रविंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक स्वागत करते हुए यात्रा में शामिल सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का माल्यार्पण एवं पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर सेवा एवं संगठन के प्रति समर्पण का संकल्प दोहराया गया।कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री गणेशराम माली, दुर्गेश कोरी, रामप्रसाद धाकड़, राजेंद्र वास्त्री, ओमी बुनकर, विजय भार्गव, रामभरोसा सैनी, सुदर्शन जयभाय, ज्ञान गुर्जर, मनीष शर्मा, प्रताप जाटव आदि कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यकर्ताओं ने यात्रा को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाई।

बोलेरो से अवैध शराब की 10 पेटियां बरामद, तस्कर दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए राघौगढ़ थाना पुलिस ने जंजाली चौकी क्षेत्र में बोलेरो कार से शराब की 10 पेटियां बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब और तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो सहित करीब 11.52 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 27 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नारायणपुरा शक्कर कारखाना के पास एक व्यक्ति बोलेरो क्रमांक MP07 CD 7145 में शराब की पेटियां लेकर खड़ा है। सूचना पर जंजाली चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम दिग्प्रताप सिंह उर्फ अस्सू (42), निवासी कुंभराज बताया। कार की तलाशी लेने पर 10 पेटियों में कुल 480 क्वार्टर मिले। इनमें 2 पेटी देशी प्लेन, 7 पेटी देशी मसाला और 1 पेटी 8PM अंग्रेजी शराब शामिल थी। बरामद शराब की कीमत करीब 52 हजार रुपए, जबकि बोलेरो की कीमत करीब 11 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाने में प्रकरण दर्ज किया है।

मेरा स्वास्थ्य, मेरा अभिमान के तहत स्वास्थ्य शिविर

नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मेरा स्वास्थ्य, मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बालक छात्रावास में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' के तहत संचालित 100 सप्ताह की विशेष मुहिम का हिस्सा रहा।

शिविर में युवाओं का बुनियादी स्वास्थ्य जांच और निःशुल्क दवा दी गई। युवाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इसके पश्चात डॉ. ममता लकड़ा, जिला अस्पताल अशोकनगर ने पोषण, स्वस्थ जीवनशैली एवं मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता सत्र लिया। उन्होंने संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, शारीरिक गतिविधि एवं स्वच्छता के साथ मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया तथा युवाओं को तनाव, चिंताएवं अवसाद जैसे विषयों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर परिवार, मित्रों अथवा विशेषज्ञों से सहायता लेने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान एबीवीपी छात्रसंघ अध्यक्ष हिमांशु शर्मा और एक राष्ट्र एक चुनाव के संयोजक अभिषेक पाठक द्वारा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशीले पदार्थों से दूर रहने एवं स्वस्थ, नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में जिला अस्पताल अशोकनगर की चिकित्सा टीम ने सहयोग प्रदान किया। डॉ. ममता लकड़ा, डॉ. युवराज खटक, शहीद मंसूरी एवं नर्सिंग स्टाफ ने स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक सेवाओं में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना तथा नशामुक्त एवं स्वस्थ युवा शक्ति के निर्माण को प्रोत्साहित करना रहा।

विमानोत्सव समारोह को लेकर ईसागढ़ में तैयारियां तेज, आज होगा भव्य आयोजन

ईसागढ़। श्री 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान के पावन आशीर्वाद एवं जैन समाज के तत्वावधान में विमानोत्सव समारोह का भव्य आयोजन मंगलवार को आज ईसागढ़ में किया जाएगा। यह आयोजन महावीराष्टक के रचयिता कविराज पं. भागचंद (भागेन्दू) की जन्मस्थली ईसागढ़, जिला अशोकनगर में धार्मिक श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आयोजित होने जा रहा है। आयोजकों के अनुसार इस वर्ष आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से मजीजेंद्र देव का विमानोत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में देशना यात्रा, गाजे-बाजे के साथ भजन-कीर्तन, अभिषेक, शांतिधारा पूजन, सामूहिक वात्सल्य भोज एवं संगीतमय आरती सहित विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। प्रातः 7 बजे से अभिषेक पूजन आदि,प्रातः 10 बजे से कृ श्री मजीजेंद्र देव का विमान महोत्सव एवं शोभायात्रा, गाजे-बाजे व भजन संगीत के साथ,सायं 4 बजे से अभिषेक एवं शांतिधारा पूजन,सायं 5 बजे से सामूहिक वात्सल्य भोज,सायं 7 बजे से संगीतमय आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम,कार्यक्रम के दौरान पयूषण पर्व सानिध्य में साध्वी सेजल दीदी एवं मुक्ति दीदी सांगानेर का भी मार्गदर्शन एवं सानिध्य रहेगा। आयोजकों ने बताया कि बाहर से पधारने वाले सभी अतिथियों एवं सकल दिगंबर जैन समाज के लिए कार्यक्रम स्थल पर भोजन की व्यवस्था की गई है।

कार्य के दौरान बीना-कोटा पेसेंजर, भोपाल-जोधपुर एवं दयोदय एक्सप्रेस कोटा सोगरिया होकर संचालित होंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रेल प्रशासन द्वारा कोटा जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर पुनर्विकास कार्य के कारण यात्री सुविधा एवं रेल परिचालन को सुचारु बनाए रखने के लिए दिनांक 29 सितम्बर 2026 से 18 अक्टूबर 2026 तक कुछ ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। इसके अंतर्गत कुछ ट्रेनों का कोटा के स्थान पर सोगरिया स्टेशन पर अल्पावधि समापन/प्रारंभ किया जाएगा, जबकि कुछ ट्रेनों को कोटा जंक्शन को बायपास करते हुए परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

सोगरिया स्टेशन पर अल्पावधि समापन/प्रारंभ: कोटा जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर पुनर्विकास कार्य के कारण 29 सितम्बर 2026 से 18 अक्टूबर 2026 तक ट्रेन संख्या 61634 बीनादूकोटा के 20 फेरे का सोगरिया स्टेशन पर अल्पावधि समापन किया जाएगा। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 61633 कोटा-बीना के 20 फेरे कोटा के स्थान पर सोगरिया स्टेशन से प्रारंभ होंगे। ट्रेन संख्या 61633 सोगरिया-बीना सोगरिया स्टेशन से 15.20 बजे रवाना होगी।

कोटा जंक्शन को बायपास कर परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ट्रेनें: 29 सितम्बर से 18 अक्टूबर 2026 तक ट्रेन संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर के 20 फेरे, ट्रेन संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल के 20 फेरे, ट्रेन संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर के 19 फेरे तथा ट्रेन संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर के 20 फेरे गुरला-कोटा सी के बिना-सोगरिया परिवर्तित मार्ग से संचालित किए जाएंगे। इस दौरान उक्त सभी ट्रेनें कोटा जंक्शन को बायपास करते हुए संचालित होंगी। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अनुरोध है कि उक्त अवधि में यात्रा करने वाले यात्री अपनी ट्रेन के निर्धारित परिचालन एवं मार्ग में हुए अस्थायी परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए यात्रा की योजना बनाएं। सुविधा के लिए संबंधित स्टेशनों एवं रेलवे सूचना माध्यमों के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं पर भ्रम फैला रही है: अजय यादव



अशोकनगर। कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं पर भ्रम फैलाने का काम कर रही है, यह बात भाजपा नेता, जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय प्रतापसिंह यादव ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र कलावत जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीरसिंह रघुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी चुनाव आयोग और मतदाता सूची को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग, एसआईआर और मतदाता सूची को लेकर लगातार गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं, जिससे देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जनता के मन में अविश्वास पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब चुनाव आयोग ने स्वयं इस पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट कर दी है। 26 सितंबर को चुनाव आयोग की बैठक में तीनों चुनाव आयुक्तों की ओर से संयुक्त रूप से स्पष्ट किया गया कि देशभर में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) किसी एक व्यक्ति का निर्णय नहीं है।

वृद्धाश्रम में सेवा एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया



अशोकनगर। श्राद्ध पक्ष के पावन अवसर पर ब्राह्मण संगठन द्वारा वृद्धाश्रम में सेवा एवं धार्मिक कार्य का आयोजन किया गया। संगठन की अध्यक्ष अंजू दुबे के नेतृत्व में सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों को भोजन कराया तथा उनके साथ समय बिताकर सेवा और अपनत्व का संदेश दिया। इस अवसर पर पुरुषों को तौलिये, महिलाओं को साड़ियां, फल तथा जूते-चप्पल वितरित किए गए। संगठन के सदस्यों ने वृद्धजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयोगी सामग्री प्रदान की। अध्यक्ष अंजू दुबे ने कहा कि श्राद्ध पक्ष में जरूरतमंद एवं बुजुर्गों की सेवा करना हमारी भारतीय संस्कृति और संस्कारों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। संगठन का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में संगठन की मार्गदर्शिका सपना नायक एवं राखी तिवारी, उपाध्यक्ष रानी राजोरिया, रुचि शर्मा, मीनाक्षी पाठक, रीना पाठक संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस सेवा कार्य के माध्यम से संगठन ने समाज को बुजुर्गों के सम्मान, सेवा और सहयोग का प्रेरणादायक संदेश दिया।

कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कहा सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में सुधार लाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए जिले की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में सुधार लाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएं।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित किये जा रहे हैं विभिन्न गतिविधियों की कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई। उन्होंने अभियान के तहत संचालित गतिविधियों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि प्रत्येक गतिविधियों के फोटो, वीडियो पोर्टल पर अपलोड कराई जाए। सेवा की कहानियां विभागों द्वारा तैयार कराई जाकर पोर्टल पर अपलोड कराई जाएं।



बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कलेक्टर श्री मालवीय द्वारा विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों से आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी शिविर में हितग्राहीमूलक योजनाओं के हितग्राहियों का चिन्हांकन कर अधिक से अधिक लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।शिविर दिवस पर अधिकारियों द्वारा शासकीय संस्थाओं के निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

सेवा सेतु अभियान का आयोजन 3 और 4 अक्टूबर को

शासन के निर्देशानुसार सेवा सेतु अभियान का आयोजन ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में 03 एवं 04 अक्टूबर 2026 को जिले में किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विभागों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाकर हितग्राही को लाभान्वित किया जाए। साथ ही विभागों के माध्यम से सरकार आपके द्वार के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सेवा सेतु अभियान शिविर के आयोजन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए।

आंखों की जांच कर जरूरतमंदों को समिति बांटेगी निःशुल्क चश्मे

ईसागढ़। समाजसेवा के क्षेत्र में श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था ईसागढ़ स्थित वृद्ध आश्रम में निवासरत सभी वृद्धजनों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।



शिविर में प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा अधिकारी अनिल बंसल ने बुजुर्गों की आंखों की जांच की। इस दौरान वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की दृष्टि संबंधी समस्याओं की जांच की गई तथा उन्हें आंखों की देखभाल और उपचार को लेकर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। उम्र बढ़ने के साथ बुजुर्गों में दृष्टि कमजोर होने, चश्मे की आवश्यकता तथा आंखों से जुड़ी अन्य परेशानियां सामने आती हैं। ऐसे में वृद्धाश्रम में ही नेत्र परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराना बुजुर्गों के लिए काफी उपयोगी रहा। शिविर के दौरान जिन बुजुर्गों की नजर कमजोर पाई गई और जिन्हें चश्मे की आवश्यकता है, उनकी जरूरत के अनुसार श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति द्वारा निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। और जिनको मोतियाबिंद की शिकायत है उनका ऑपरेशन निशुल्क कराया जाएगा।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सोनाई निवासी विश्राम सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजकुमारी बुन्देला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मल्हारगढ़ निवासी तुलसा बाई प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र सिंह परिहार और भगवान सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डुंगासरा निवासी रामवती कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकृष्ण कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है।

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ललितपुर निवासी जूबी खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से जुनैद खान, रसीदा बैगम, लतीफ खान, फरहीन खान ने दहजे की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

71 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ईसागढ़ पुलिस ने ग्राम दयालपुर निवासी आकाश पुत्र परमाल आदिवासी के घर के पास से 71 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम सेमरी जुम्मन निवासी ग्यारसा पुत्र फूल सिंह के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

युवक की छत से नीचे गिरने से मौत

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत दम्मू पुत्र पंचा आदिवासी उम्र 40 साल निवासी बसवा थाना जखौरा जिला ललितपुर अपने ससुराल आया था। जहां उसकी मकान की छत से नीचे गिरने से मौत हो गई, जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

सड़क किनारे युवक मिला उपचार के दौरान मौत


अशोकनगर। स्थानीय थूवोन रोड़ पर विवेकानंद स्कूल के पास सड़क किनारे एक युवक तड़पती हुई स्थिति में पाया गया था, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक मोहरी सोनेरा निवासी धर्मदास अहिरवार उम्र 28 साल होना बताया गया है, उक्त घटना पर से पुलिस मामले की जांच कर रही है।

02 अक्टूबर को जिले में शुष्क दिवस घोषित

अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय ने शासन के निर्देशानुसार 02 अक्टूबर (महात्मा गांधी जयंती) को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं देशी मद्यभाण्डागार आदि पर मदिरा विक्रय, उपभोग, परिवहन आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

जागीरदार कुंवर पद्म सिंह ने ली आज अंतिम सांस

चंदेरी। अपने जमाने के जागीरदार कुंवर पद्म सिंह जैन का 28/9/26 को 79 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया है। आप लंबे समय से बीमारी से त्रस्त थे। सिंधिया सियासत से चली आ रही जागीरदारी चंदेरी के जागीरदार कुंवर पद्म सिंह जैन का जैसे ही समाचार चंदेरी के साथ साथ जिले में आया पूरे जिले में शौक छा गया और लोगो ने घर पहुंच कर श्रृद्धांजलि देने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। 29 सितंबर को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा, वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



मौसमी बीमारियों के रोगियों को मिल सकेगी मदद

जिला अस्पताल में 11 नए डॉक्टरों ने सेवाएं प्रारंभ कीं, डॉक्टरों की कमी से चरमरा गई थीं सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला अस्पताल अशोकनगर में डॉक्टरों की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाए चरमरा गईं थीं दिन और रात डयूटी के लिए मात्र 4 डॉक्टर ही थे जिसके कारण ग्रामीण अंचलों में पदस्थ डॉक्टरों को जिला अस्पताल में लगाया गया था। अब नए 11 डॉक्टर आने के बाद जो ग्रामीण अंचलों से डॉक्टर बुलाए गए थे उन्हें वापिस अपने मुख्यालय पर भेजा गया है।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर बीएल टैगोर ने बताया कि यह 11 डॉक्टर बॉण्ड पर आए हैं जो एक से 5 साल तक के लिए अपनी सेवाएं प्रदान करेगें। 3 डॉक्टर बॉण्ड पर पहले से थे जिनमें विदित शर्मा, अतिशिय जैन और मयंक परिहार अब न जो 11 डॉक्टर जिला अस्पताल में आए हैं उन डॉक्टरों, अनुस्था, आस्तस, रजनी, शंशांत सक्सेना डॉ. युवराज, डॉ नीलेश, डा. माथुर डॉ. अनुरागी आदि शामिल हैं। जिससे अस्पताल में वायरल बुखार के साथ मौसमी बीमारियों से लोगों को उपचार कराने में मदद मिल सकेगी। जिला अस्पताल में अभी तक पानी की समस्या चल रही थी अब बोर चालू होने के बाद यह समस्या समाप्त हो गई है।

रोगी कल्याण समिति की बैठक में अस्पताल को लेकर कई निर्णय लिए

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को जिला रोगी कल्याण समिति की कार्यकारणी सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. रजनी छारी, सिविल सर्जन डॉ.बी.एल. टेगौर सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में मरीजों में सुविधाजनक रूप से वार्ड में शिफ्ट किये जाने हेतु चार स्ट्रेचर क्रय किये जाने की अनुमति, रिकार्ड रूम में रिकार्ड के सुरूक्षित संधारण हेतु 20 हैवी रैक क्रय किये जाने,रोगी कल्याण समिति की आय में वृद्धि किये जाने के उद्देश्य से सोनोग्राफी सुविधा हेतु दर का निर्धारण,स्वास्थ्य संस्था सुरक्षा समिति के दिशा निर्देशानुसार चिकित्सालय भवन में कंट्रोल रूप की स्थापना एवं संचालन हेतु 03 एलईडी टीव्ही एवं अन्य सामग्री क्रय किये जाने, ब्लाईड स्पॉट की पहचान कर 20 अतिरिक्त सी.सी.टी.व्ही कैमरों की स्थापना के संबंध में आवश्यक निर्णय लिये गए।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता,शिशु मातृत्व देखरेख, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर गहन समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में शासन के दिशा निर्देशों के तहत स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को आसानी से उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं को जनहित सर्वोच्च प्राथमिकता दें और निर्धारित समय सीमा में सभी कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा करें। उन्होंने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का फॉलोअप सुनिश्चित किये जाने और सभी आवश्यक जांचे पूर्ण कराये जाने के संबंध में निर्देशित किया। एएनसी माताओं की ट्रेकिंग कर उनकी जांचे अनमोल पोर्टल पर दर्ज किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं के चार एनएनसी चेकअप अनिवार्य रूप से कराये जाने के निर्देश दिए।

2 अक्टूबर को जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन होग

अशोकनगर। जिला शतरंज एसोसिएशन अशोकनगर द्वारा जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 2 अक्टूबर शुक्रवार (गांधी जयंती) को किया जा रहा है। प्रतियोगिता प्रातः 9.30 बजे से आयोजित होगी। प्रतिभागियों के लिए रिपोर्टिंग समय प्रातः 9.00 बजे निर्धारित किया गया है। स्थान में परिवर्तन एसोसिएशन ने जानकारी दी है कि पूर्व में प्रतियोगिता का स्थान रघुवंशी धर्मशाला, अशोकनगर निर्धारित किया गया था, जिसे बदलकर अब अमर मैरिज गार्डन, अशोकनगर कर दिया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष के.पी. रघुवंशी एवं सचिव सतीश चैरसिया ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-8, अंडर-12, अंडर-15, अंडर-18 एवं ओपन कैटेगरी रखी गई है। कुल 50,000 रुपये के नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफियां प्रदान की जाएंगी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। प्रवेश शुल्क अंडर-8, 12, 15, 18 के लिए 300 रुपये एवं ओपन कैटेगरी के लिए 500 रुपये रखा गया है। रजिस्ट्रेशन किड्जी स्कूल, विदिशा रोड, अशोकनगर में किया जा रहा है। जिला शतरंज एसोसिएशन पदाधिकारी,अध्यक्ष के.पी. रघुवंशी,सचिवसतीश चैरसिया, कोषाध्यक्ष सौरभ जैन,उपाध्यक्ष मनोज कुमार चैरसिया,सह सचिव दिनेश रघुवंशी,सदस्य अरुण रघुवंशी, सदस्य कीर्ति कुमार पाठक, सदस्य सोनेश सेठी,सदस्य ज्ञानेश गुप्ता अध्यक्ष के.पी. रघुवंशी ने जिले के सभी शतरंज प्रेमियों से भाग लेने अपील की है।

मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

स्वामित्व रजिस्ट्री को लेकर पटवारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्वामित्व रजिस्ट्री की प्रक्रिया को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ और शासन के बीच गतिरोध एक बार फिर सामने आया है। सोमवार को अशोकनगर जिले के संपूर्ण पटवारी पुरानी तहसील परिसर से रैली के रूप में नारे लगाते हुए निकले और कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अशोकनगर को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट किया कि, वे स्वामित्व रजिस्ट्री की वर्तमान प्रक्रिया में कार्य नहीं करना चाहते और उन्हें इसका "निष्पादक" बनाए जाने का निर्णय वापस लिया जाए।

पटवारी संघ का कहना है कि, स्वामित्व योजना के मूल कार्य में सर्वेक्षण, अधिकार अभिलेख तैयार करने तथा संबंधित अभिलेखीय प्रक्रिया का कार्य पहले ही किया जा चुका है। संघ के अनुसार अब उसी आबादी क्षेत्र में रजिस्ट्री की प्रक्रिया के लिए पटवारियों को निष्पादक की भूमिका में लगाया जा रहा है, जिसे लेकर पटवारियों द्वारा तकनीकी एवं प्रक्रियागत आपत्तियां लगातार उठाई जा रही हैं। जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी ने कहा कि, "पटवारी स्वामित्व योजना के मूल कार्य के विरोध में नहीं हैं। पटवारियों ने योजना के कार्य को जिम्मेदारी के साथ पूरा किया है,लेकिन वर्तमान में रजिस्ट्री प्रक्रिया में पटवारी को निष्पादक बनाए जाने का हम विरोध कर रहे हैं। हमारी स्पष्ट मांग है कि, पटवारियों पर स्वामित्व रजिस्ट्री का कार्य थोपने के बजाय शासन इस प्रक्रिया की जिम्मेदारी के संबंध में पुनर्विचार करे।

उन्होंने कहा कि पटवारियों द्वारा पूर्व में भी शासन के समक्ष अपनी समस्याओं और व्यावहारिक कठिनाइयों से अवगत कराया गया है। इसके बावजूद यदि वर्तमान प्रक्रिया में पटवारियों को निष्पादक के रूप में कार्य करने के लिए बाध्य किया जाता है, तो संघ अपनी आपत्तियां शासन के समक्ष लगातार रखता रहेगा। संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि, ज्ञापन में उल्लेखित बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए पटवारियों को स्वामित्व रजिस्ट्री की वर्तमान प्रक्रिया में निष्पादक की भूमिका से मुक्त किया जाए तथा इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करते हुए पटवारी को इसकी अन्य जिम्मेदारियों से भी पूर्णतः मुक्त किया जाए।



भक्ति रस में डूबी संध्या जब रुपेश जैन के भजनों पर झूमे श्रोता

अशोकनगर। जैन विमानोत्सव के मौके पर रात्रि में आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने देर रात तक बैठकर भजनों का आनंद लिया। जाने-माने भजन गायक रुपेश जैन की स्वर-लहरियों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा प्रांगण भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक आनंद से सराबोर हो गया। अक्सर आयोजनों में अलग-अलग आयु वर्ग की पसंद बंटी हुई दिखती है, लेकिन इस संध्या का दृश्य अद्भुत था। क्या बच्चे, क्या युवा, क्या महिलाएं और क्या बुजुर्ग सकल दिगंबर जैन समाज एक ही लय और ताल पर झूमने को विवश हो गया। रुपेश जैन जी के सुमधुर कंठ, पारंपरिक जिन-भक्ति के पदों और भावपूर्ण संगीत के अनूठे तालमेल ने हर श्रद्धालु के हृदय को छू लिया। भक्ति का यह उल्लास केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने वाली एक सामूहिक अनुभूति बन गया।

शहीद-ए-आज़म भगतसिंह के जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



27 सितम्बर को प्रगतिशील लेखक संघ, इकाई अशोकनगर द्वारा शहीद-ए-आज़म भगतसिंह के जन्मदिवस पर महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भगतसिंह के लेख का वाचन एवं बाहर से आमंत्रित कवयित्रियों द्वारा कविता पाठ किया गया। कार्यक्रम रंग आँगन कलाघर थिएटर में दो सत्रों में संपन्न हुआ। पहले सत्र में प्रलेसं इकाई अशोकनगर का जिला सम्मेलन हुआ।

पहले सत्र में पदाधिकारियों का चुनाव किया गया इसमें प्रलेसं के सचिव अरबाज खान द्वारा पिछले वर्षों में आयोजित कार्यक्रमों, गोष्ठियों एवं कार्यशालाओं की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसी सत्र में प्रलेसं प्रदेश सचिव मंडल की सदस्य ष्डॉ आरतीष (भोपाल) की उपस्थिति में नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। प्रलेसं अशोकनगर इकाई के नए अध्यक्ष के रूप में कवि एवं रंगकर्मी भानूप्रकाश रघुवंशी को तथा सचिव पद के लिए युवा रंगकर्मी एवं कवि अरबाज खान को सर्वसम्मति से चुना गया।

भगतसिंह के जीवन और उनके क्रांतिकारी अवदान पर चर्चा की गई

तत्पश्चात दूसरे सत्र का आगाज जन संस्कृति मंच, अशोकनगर के साथियों द्वारा शंकर शैलेंद्र के गीत जागा है इंसान. तथा जितेंद्र रघुवंशी के गीत तोड़ो बंधन. की प्रस्तुति के साथ हुआ। इसके बाद मंच का संचालन कर रहे वरिष्ठ कवि हरिओम राजोरिया ने भगतसिंह के जीवन और उनके क्रांतिकारी अवदान पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की भूमिका बनाई। सत्र में भगतसिंह के महत्वपूर्ण लेख विद्यार्थी और राजनीति का पाठ रंगकर्मी और कवि संजय माथुर ने किया। इस लेख में भगतसिंह न केवल विद्यार्थियों को राजनीति में सक्रीय भागीदारी की आवश्यकता बताते हैं बल्कि विद्यार्थियों को अंधानुकरण से बचकर तर्क, विवेक और आलोचनात्मक दृष्टि विकसित करने की सलाह भी देते हैं। इस लेख के वाचन के बाद समकालीन हिन्दी कविता की बहुत ही महत्वपूर्ण हस्ताक्षर कवियित्री आरती (भोपाल) तथा नेहा नरूका (कोलारस) ने अपनी प्रतिनिधि कविताओं का पाठ किया। दोनों कवयित्रियों की कविताएं संघर्षशील स्त्री की छवियां तथा गैर बराबरी के प्रश्नों को ऐतिहासिक संदर्भ के रेखांकित करती हैं और सुनने वालो को गहरी रचनात्मक बेचैनी से भर देती हैं।

सड़क निर्माण की कछुआ चाल से राहगीर परेशान

चंदेरी। ईसागढ़ से चंदेरी होते हुए राजघाट तक जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य इन दिनों स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों के लिए बड़ी मुसीबत बन चुका है। निर्माण एजेंसी की लापरवाही और सुस्त रफ्तार के कारण प्राणपुर हाईस्कूल के पास मुख्य सड़क पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो गई है। सड़क निर्माण के लिए की गई खुदाई के बाद बीच सड़क पर गहरे गड्ढे छोड़ दिए गए हैं जिनमें पिछले एक महीने से पानी और कीचड़ भरा हुआ है।

इसका सबसे बुरा असर स्कूल आने-जाने वाले



छात्र- छात्राओं पर पड़ रहा है। प्रतिदिन प्राणपुर हाईस्कूल के बच्चे इसी कीचड़ भरे रास्ते से साइकिल और पैदल गुजरने को मजबूर हैं। संतुलन बिगड़ने से कई बार बच्चे कीचड़ में गिर जाते है जिससे उनकी यूनिफॉर्म और किताबें खराब हो जाती हैं। ग्रामीणों और राहगीरों को भी इस मार्ग से निकलने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन दुपहिया वाहन चालक यहां फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।परेशान स्कूली बच्चों और ग्रामीणों का कहना है कि अमराई होटल से लेकर प्राणपुर तक के सड़क हिस्से का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए।

जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित



अशोकनगर। जिला चिकित्सालय अशोकनगर में राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत लोगों को जागरूक किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम (एनआरसीपी) के तहत इस वर्ष रेबीज के प्रति जागरूकता और रोकथाम के प्रयासों को और तेज कर दिया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस वर्ष 2026 की थीम "स्ट्रॉन्गर टुगेदर" एकजुट होकर ताकतवर बनना) घोषित की गई है, जो इंसानों और जानवरों दोनों की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर देती है।श्मिशन 2030 रेबीज मुक्त भारत का संकल्प भारत सरकार ने साल 2030 तक देश को पूरी तरह से रेबीज मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन बी टैगोर, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मनीष चैरसिया, डॉ. मुकेश गोलियां, डॉ. अजय गहलोत, मेट्रन सरिता डांगे, वैशाली माथुर सहित आमजन उपस्थित रहे।

मुनिश्री ने किया हरिभूमि के विशेष अंक का विमोचन

श्रीजी की विशाल रजत रथयात्रा विमान महोत्सव शोभायात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







वार्षिक महोत्सव के अवसर पर श्रीमद् जिनेन्द्र रजत रथयात्रा विमान महोत्सव दूसरे दिन चल समारोह भव्यता के साथ निकाला गया। पूरा उत्सव परम पूज्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज के सान्निध्य में पंचायत कमेटी के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर के मंत्रोच्चार के बीच प्रभु को रथ एवं विमान विराजमान किया गया। यह रथयात्रा शहर के हृदय स्थल सुभाष गंज से मैन बाजार नेहरू बाल उद्यान इन्द्रा पार्क, वजरिया मोहल्ला, सुराना पार्क होते हुए शान्ति नगर मन्दिर, पहुंच कर धर्म सभा में बदल गई। जहां परम पूज्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज धर्म सभा को सम्बोधित किया।

44वें दीक्षा दिवस की पूर्व संध्या पर हरिभूमि के विशेष अंक का हुआ विमोचन

गत वर्ष अशोकनगर को धरा धाम में चातुर्मास करने वाले परम पूज्य राष्ट्र संत राजकीय अतिथि निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज के 44वें दीक्षा दिवस पर हरिभूमि के दारा प्रकाशित किए गए दीक्षा दिवस पर विशेष अंक का विमोचन जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाइर्, मंत्री विजय धुर्रा द्वारा जनता की तालियों के बीच विमोचित कर परम पूज्य मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज को भेंट किया गया। इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने अशोकनगर में त्रिकाल चैबीसी की स्थापना कराकर तीर्थ का दर्जा लिया दिया। आज देश भर से हजारों तीर्थयात्री त्रिकाल चैबीसी की वंदना के लिए आते हैं हमारा सौभाग्य है कि हम कल परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज का 44वां दीक्षा दिवस समारोह अशोकनगर में मना रहे हैं। इसके साथ ही पंचायत कमेटी का प्रतिनिधित्व मंडल विशेष समारोह में भाग लेने इन्दौर जा रहा हैं।

44वें दीक्षा दिवस समारोह चातुर्मास स्मारिका का होगा विमोचन- विजय धुर्रा

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि युग शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य जगतपूज्य तीर्थ उद्धारक, महायोगी, राष्ट्रसंत, मुनिपुंगव 108श्री सुधासागर जी महामुनिराज का 44वां दीक्षा दिवस समारोह गुरू उपकार दिवस के रूप में मंगल वार को दोपहर 1 बजे से विभिन्न कार्यक्रम के साथ दलाल बाग मैदान इन्दौर में भव्य समारोह के साथ मनाया जायेगा समारोह में अशोक नगर चातुर्मास की स्मारिका का विमोचन श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी द्वारा मुनिश्री के सान्निध्य में किया जायेगा। दीक्षा दिवस समारोह में राज स्थान गुजरात उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रमुख स्थानो से भक्तों के दल पहुंच रहे हैं। जहां भक्तों द्वारा गुरु वंदना की जायेगी। सकल दिगंबर जैन समाज अशोकनगर द्वारा बहुत ही भव्यातिभव्य समारोह में गुरु देव की महा पुजा की जायेगी। इस दौरान अध्यक्ष राकेश कासल चक्रवर्ती महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर सजंय के टी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो ने सभी से समारोह में शामिल होने का निवेदन किया है।

मुनि श्री के हुए मंगल प्रवचन

मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने इस मौके पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि घर को सुधारने का प्रयास करें वैर पालने से कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है कुछ लोग अपनी दुश्मनी को भवन्तरो तक ले जाते हैं जो शक्ति शाली दुश्मन से नहीं निपट पाता बह दुश्मनी को अगले भवों तक ले जाता है। वह तुम्हारे घर में जन्म कर भी दुश्मन बनकर आता है और अपनों को इतना दुख देता है कि जीना हराम हो जाता है। उन्होंने कहा कि मन की अशान्ति को सबसे पहले दूर करते हुए मन को शांत करें मन शांत रहेगा तव आप अच्छी तरह से निर्णय लें सकेंगे। आपने जो चाहा वह नहीं मिला तो हम अशांत हो गये राग द्वेष होने लगता है मन अशान्ति हो जाती है मन के अशांत होने के कारणो को आप खुद महसूस करे जो शब्द गलत है मुझे नहीं बोलना चाहिए तुमारे लिए ही न्याय करना है।

एसआईआर को लेकर भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की

राहुल व कांग्रेस एंटी-बीजेपी नहीं, एंटी-नेशनल बातें करते, यह विपक्ष की हताशाः ज्ञानसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना उचित नहीं है। राजनीतिक असफलता का ठीकरा कांग्रेस और विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ रहा है। कैबिनेट सेक्रेटरी को भेजे गए पत्र को लेकर भी विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाया गया। चुनाव आयोग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह पत्र किसी नीतिगत विषय अथवा एसआईआर से संबंधित नहीं था, बल्कि प्रतिनियुक्ति पर आए एक अधिकारी की प्रशासनिक कार्यप्रणाली से संबंधित आंतरिक मामला था। चुनाव आयोग को लेकर भ्रम फैलाने पर राहुल गांधी को माफी मांगकर इस्तीफा देना चाहिए।उक्त बात भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के संयुक्त बयान से कांग्रेस के झूठ और भ्रम की राजनीति बेनकाब हो गई है। हर पात्र नागरिक का मताधिकार सुनिश्चित करना आयोग की प्राथमिकता में शामिल रहता है। राहुल गांधी हार की हताशा में संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस लोकतंत्र की मर्यादा को बार-बार लांघने का काम कर रही है।



कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं को नहीं मानती

गुर्जर ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी संवैधानिक संस्थाओं को नहीं मानती थी और आज भी नहीं मानती है। राहुल गांधी ने सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल खड़ा किया, वहीं चैकीदार चोर कहकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने सारी सीमाओं को तोड़ने का काम किया है। लगातार इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाकर अंत में राहुल गांधी न्यायालय में माफी मांग लेते हैं। एक ही प्रक्रिया को अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नजरिए से देखने से कांग्रेस की मंशा पर प्रश्न खड़े होते हैं।

कांग्रेस लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास बनाए रखे

जिलाध्यक्ष गुर्जर ने आगे कहा कि कांग्रेस को केरल में सत्ता मिल गई तो एसआईआर सही थी, हिमाचल में सत्ता मिली तो सही थी, वहीं तमिलनाडु में 50 साल से सत्ता से बाहर है, वहां भाजपा नहीं डीएमके और एआईडीएमके वर्षों से है, वहीं बंगाल में वामपंथियों का कब्जा रहा, तब एसआईआर को लेकर राहुल गांधी मौन क्यों रहे। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों को मताधिकार सुनिश्चित करने तथा मतदाता सूची को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग अपनी संवैधानिक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्णयों को लेकर यदि किसी राजनीतिक दल को आपत्ति है तो संवैधानिक और न्यायिक रास्ते खुले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास बनाए रखे और राजनीतिक मतभेदों को संस्थाओं के विरोध में परिवर्तित न करे।

राहुल गांधी की राजनीति संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का प्रयास

ज्ञान सिंह ने बताया कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक असफलताओं से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए जनता के मन में भ्रम और अविश्वास पैदा करने का प्रयास कर रही है। लेकिन अब चुनाव आयोग ने स्वयं इस पूरे मामले पर स्पष्ट स्थिति सामने रख दी है। 26 सितम्बर को चुनाव आयोग की बैठक हुई और यह स्पष्ट किया गया कि देश भर में चल रही एसआईआर किसी एक व्यक्ति का निर्णय नहीं, यह मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि जब कांग्रेस और राहुल गांधी द्वारा किसी संवैधानिक संस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये गये हो। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री देवी सिंह सोंधिया जिला कोषाध्यक्ष शैलेश गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी जिला सह मीडिया प्रभारी जगदीश दास उपस्थित थे।

'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम किया

नारी शक्ति समाज की शक्ति व संस्कारों की आधारशिलाः पंवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

सोमवार को महिला बाल विकास विभाग द्वारा नगर के महावीर आश्रम बड़ा बाग के सत्संग भवन में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने संबोधन में कहा कि 'आंगन मिलन सेवा' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी को घर-घर तक पहुंचाने और हितग्राहियों से सीधे संवाद का माध्यम है। कार्यक्रम के माध्यम से माताओं को पोषण, स्वास्थ्य, टीकाकरण, मातृ सहायता एवं महिला कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी सरल और सहज भाषा में उपलब्ध कराई जा रही है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता और अन्य मैदानी कार्यकर्ता शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यक्रम दौरान श्री पंवार का बहनों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। वहीं बड़ा बाग परिसर में पौधा रोपण भी किया गया। महिला बाल विकास विभाग के सीडीपीओ वीरेंद्र वर्मा सहित सुपरवाइजर ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र पहना कर पुष्प हार से स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी बहनों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास जिला अधिकारी अंशु बाला मसीह, भाजपा नेता नारायणसिंह सालरियाखेड़ी, तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने भी विचार रखें। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री माधवीसिंह परमार, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरराज लोधी,भाजपा नेता अशोक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष श्यामसिंह सोंधिया, पूर्व नप अध्यक्ष राकेश शिवहरे सहित भाजपा नेता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सहायिकाएं आदि मौजूद थी।

आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत, व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर सहमति

मुक्ति धाम सेवा समिति की बैठक में विकास कार्यों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मुक्ति धाम सेवा समिति सारंगपुर की रविवार को सांई मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सदस्यों ने आय-व्यय से संबंधित जानकारी पर चर्चा करते हुए आगामी कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया।

बैठक में मुक्ति धाम परिसर के विकास और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने को लेकर समाजजनों ने अपने सुझाव रखे। परिसर की आवश्यक सुविधाओं, साफ-सफाई, रखरखाव तथा आगामी विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही सेवा गतिविधियों को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने और भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने पर भी सहमति बनी। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि मुक्ति धाम समाज की महत्वपूर्ण सेवा व्यवस्था है। इसके विकास और बेहतर संचालन के लिए समाज के सभी लोगों का सहयोग एवं सहभागिता आवश्यक है। समिति द्वारा आने वाले समय में भी मुक्ति धाम की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के साथ सेवा एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता से जारी रखा जाएगा। बैठक में समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, भाजपा नेता निर्मल जैन, पीएस मंडलोई, प्रदीप सादानी, आनंद सक्सेना, पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्य सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



डॉयल 112 की मदद से सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया

शराब के नशे में पुत्र ने पिता से की मारपीट, गंभीर घायल


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

लीमाचैहान थाना क्षेत्र के ग्राम दयाखेड़ी में सोमवार शाम शराब के नशे में एक युवक द्वारा अपने पिता के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें डॉयल 112 की मदद से सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भर्ती कर लिया। जानकारी के अनुसार रामलाल पिता मांगीलाल मालवीय (50) निवासी हराना अपनी पत्नी के साथ ग्राम दयाखेड़ी में मजदूरी कर जीवन-यापन कर रहे थे। सोमवार शाम करीब 5 बजे उनका पुत्र राजा पिता रामलाल मालवीय दयाखेड़ी पहुंचा। बताया जा रहा है कि राजा शराब के नशे में था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसका पिता रामलाल से विवाद हो गया और उसने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में रामलाल को शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल रामलाल को उपचार के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल लेकर आई। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. मनीष सूर्यवंशी ने घायल का प्राथमिक उपचार किया और उनकी स्थिति को देखते हुए अस्पताल में भर्ती कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। पुलिस द्वारा घटना के कारणों और मारपीट की परिस्थितियों की जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।



सेवा संकल्प अभियान के यात्रियों का पीलूखेड़ी में स्वागत जनप्रतिनिधियों ने किया अभिनंदन



कुरावर। सेवा संकल्प महाभियान के तहत निकली सेवा संकल्प कलश यात्रा सोमवार को पीलूखेड़ी पहुंची। यहां विधायक प्रतिनिधि सुधीप शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल यात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद यात्रा झीन मोहल्ला होते हुए कुरावर नगर परिषद पहुंची। नगर परिषद परिसर में विधायक प्रतिनिधि सुधीप शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष पाला प्रसाद चंदवंशी, सीएमओ समन्दर सिंह चैहान एवं पार्षदगण ने सेवा संकल्प अभियान यात्रा में शामिल यात्रियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मियों का भी सम्मान एवं स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर तहसीलदार एवं पुलिस प्रशासन की टीम भी मौके पर तैनात रही और यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सेवा संकल्प यात्रा का करनवास आगमन पर राजगढ़ में स्वागत सत्कार किया



ब्यावरा। सोमवार को सेवा संकल्प यात्रा का करनवास आगमन पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला राजगढ़ द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इस मौके पर सांसद रोडमल नागर, विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, पुरुषोत्तम यादव,पूर्व भाजपा मंत्री जगदीश पंवार,किसान मोर्चा जिला महामंत्री राधेश्याम यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यकर्ताओ एवं स्कूल छात्र-छात्राओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर सेवा संकल्प यात्रा का पुष्पों की वर्षा कर स्वागत सत्कार किया।जनप्रतिनिधियों द्वारा खेल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कार्यकर्ता, समाजसेवी संगठनों यादव मेडिकल एबी रोड करनवास,दुलतारीया जोड़,भोजपुरिया आदि चैराहा-चैराहा पर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा संगठन के बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति, नगरीकगण उपस्थित हुए।

मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना के तहत पेयजल पाइपलाइन और टंकियों के निर्माण का कार्य चल रहा

डूब क्षेत्र में बना दी पेयजल टंकी, तालाब में जलभराव के बीच खड़ी निर्माण स्थल पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना के तहत पेयजल पाइपलाइन और टंकियों के निर्माण का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में अमृत-2 योजना के तहत नगर में दो पेयजल टंकियों का निर्माण किया गया है। इनमें से रानी रूपमती तालाब परिसर में बनाई गई पेयजल टंकी का निर्माण स्थल अब सवालों के घेरे में है। वर्तमान में तालाब में पानी भर जाने के कारण टंकी के आसपास भी जलभराव की स्थिति दिखाई दे रही है।

मौके की तस्वीरें बताती हैं कि टंकी के आधार के आसपास पानी जमा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जिस स्थान पर नियमित रूप से जलभराव होता है, वहां भारी-भरकम पेयजल टंकी का निर्माण किस तकनीकी आधार पर किया गया। टंकी में भविष्य में बड़ी मात्रा में पानी भरा जाएगा। ऐसे में इसकी नींव, मजबूती और सुरक्षा को लेकर तकनीकी जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है।



पर्यटन और पिकनिक स्थल भी है आसपास

रानी रूपमती का मकबरा और तालाब क्षेत्र स्थानीय लोगों के साथ ही बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है। लोग यहां घूमने और पिकनिक के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान में बारिश के चलते तालाब लबालब है और पानी आसपास के क्षेत्र तक पहुंच गया है। ऐसे में टंकी के निर्माण स्थल को लेकर सुरक्षा संबंधी सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय जागरूक लोगों का कहना है कि यदि कोई क्षेत्र नियमित रूप से डूब या जलभराव की स्थिति में आता है तो वहां स्थायी निर्माण से पहले भूमि की स्थिति, जलस्तर, मिट्टी की क्षमता और नींव की सुरक्षा सहित सभी तकनीकी पहलुओं की जांच आवश्यक है। लोगों ने टंकी के निर्माण की तकनीकी स्वीकृति और स्थल चयन की प्रक्रिया की जांच की मांग की है।

पुराना अस्पताल परिसर की टंकी पर भी सवाल


इसी योजना के तहत पुराना अस्पताल परिसर के आसपास भी पेयजल टंकी का निर्माण किया गया है। आसपास आवासीय क्षेत्र होने के साथ अस्पताल का निर्माण भी हुआ है, जहां भविष्य में मरीजों और उनके परिजनों की आवाजाही रहेगी। ऐसे में टंकी की सुरक्षा और निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।अब सवाल यह है कि रानी रूपमती तालाब क्षेत्र में टंकी निर्माण के लिए स्थल का चयन किस विभाग या एजेंसी ने किया, इसका तकनीकी सर्वे किस आधार पर हुआ और जलभराव वाले क्षेत्र में टंकी की नींव की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या परीक्षण किए गए? इन सवालों के जवाब संबंधित विभाग से सामने आने बाकी हैं।

इंजीनियर बोले- लेआउट ऊपर से पास हुआ है

मामले में स्थानीय नगर पालिका के इंजीनियर विक्की ब्राह्मने से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि उन्होंने टंकी का स्टीमेट तैयार नहीं किया है और वे केवल निर्माण संबंधी कार्य देख रहे हैं। टंकी निर्माण का लेआउट ऊपर से स्वीकृत होकर आया है।

5 मेगापिक्सल के 4 आईपी कैमरे लगाए गए, चार प्रमुख मार्गों पर रहेगी नजर

राजगढ़ चौराहा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में, थाने से होगा कंट्रोल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

शहर के राजगढ़ चैराहे पर अब सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 5 मेगापिक्सल के 4 आईपी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों से चैराहे के साथ आसपास के प्रमुख मार्गों की गतिविधियां भी रिकॉर्ड की जा सकेंगी। सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल खुजनेर थाना पुलिस के पास रहेगा।

प्रमुख मार्गों पर रखी जाएगी नजर

राजगढ़ चौराहा शहर का प्रमुख और व्यस्त क्षेत्र माना जाता है। यहां लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पचोर रोड, राजगढ़ चैराहा, राजगढ़ रोड और बांसखेड़ा रोड की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। आने-जाने वाले वाहनों और लोगों की गतिविधियां कैमरों में रिकॉर्ड होंगी। जिससे आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को जांच में मदद मिल सकेगी।

बीड़ी सेल्समैन के बैग चोरी की घटना के बाद सुरक्षा के लिए उठाया कदम

जानकारी के अनुसार रामचंद्र उर्फ चंदू यादव की ओर से सुरक्षा की दृष्टि से ये सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। बताया गया। कि कुछ दिन पहले रामचंद्र उर्फ चंदू यादव के साथ 1 लाख 49 हजार रुपए की चोरी की घटना हुई थी। घटना के बाद खुजनेर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में आरोपियों को पकड़ा था। इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा भविष्य में चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में राजगढ़ चैराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की पहल पुलिस और सेल्समैन द्वारा की गई।

जांच में मददगार होंगे कैमरे

कैमरों के लगने से पुलिस को किसी भी घटना के बाद संदिग्धों की पहचान करने और उनके आने-जाने के मार्ग का पता लगाने में मदद मिल सकती है। चैराहे और आसपास के क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की रिकॉर्डिंग आवश्यकता पड़ने पर जांच के दौरान उपयोगी साबित हो सकती है।

थाना पुलिस के पास रहेगा कंट्रोल

थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से राजगढ़ चैराहे और आसपास के क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। कैमरों में रिकॉर्ड होने वाली फुटेज चोरी सहित अन्य घटनाओं की जांच में पुलिस के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

सुरक्षा की उम्मीद

राजगढ़ चौराहा नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्र में होने के कारण यहां दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी शुरू होने से व्यापारियों और आम नागरिकों को भी सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। खासकर चोरी, विवाद या संदिग्ध गतिविधि जैसी घटनाओं के मामले में सीसीटीवी फुटेज पुलिस के लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हो सकती है। राजगढ़ चैराहे पर ब्ब्ज्ट कैमरों की निगरानी शुरू होने के बाद अब क्षेत्र की गतिविधियां कैमरे में कैद होंगी और जरूरत पड़ने पर पुलिस इन फुटेज के माध्यम से घटनाओं की जांच कर सकेगी।

पुरानी कोतवाली मैदान में होगा रामलीला का मंचन, नए कलाकारों को मिलेगा अवसर



नरसिंहगढ़। रामलीला कला मंडल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पुरानी कोतवाली स्थित रामलीला मैदान में भगवान श्रीराम की लीलाओं का भव्य मंचन किया जाएगा।इस वर्ष रामलीला में अभिनय के लिए नए कलाकारों को भी अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक युवा एवं बाल कलाकार मंच से जुड़ सकें। उन्होंने बताया कि रंगमंच संचालन एवं अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए स्थानीय सनातनी बंधुओं को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने नगरवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि जो भी इच्छुक व्यक्ति कलाकार या व्यवस्था सहयोगी के रूप में जुड़ना चाहते हैं, वे रामलीला कला मंडल के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों सहित रामलीला देखने आने का आग्रह करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन एवं चरित्र से बच्चों को संस्कार और प्रेरणा प्राप्त होगी। बैठक में रामलीला कला मंडल के अध्यक्ष चेतन त्रिपाठी, उपाध्यक्ष भारत भूषण व्यास,सचिव शिरीष उपाध्याय सुमित व्यास, विनोद पालीवाल, दीपेंद्र राठौर, राजेंद्र सिंह, रूपेश आदि मौजूद रहे।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

वार्षिक साधारण सभा की सूचना

सूचित किया जाता है, कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ की 75 वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.09.2026, दिन बुधवार, को प्रातः 11:00 बजे, बैंक प्रधान कार्यालय राजमहल, राजगढ में आयोजित की गई है।

जिसमें बैंक की संस्थाओं से संबंधित समस्त बैंक प्रतिनिधिगण की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
सीसीबी जिला राजगढ़